आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 24.03.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से गर्मियों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा है।

2– कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री कवासी लखमा को चुनाव मैदान में उतारा।

3– कोरबा जिले में विषाक्त भोजन के सेवन से दो बच्चों की मौत–पांच अन्य लोगों का इलाज जारी।

4– प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा–आज रात होगा होलिका दहन।

<u>स्वास्थ्य मंत्रालय–पत्र</u>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल एहतियाती उपाय बरतने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, बड़ा खतरा बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया कि वे राज्य स्वास्थ्य विभागों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एकसाथ मिलकर काम करने का निर्देश दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों को अग्निशामक यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म जैसे अग्निशमन उपकरणों का नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए।

<u>कांग्रेस–उम्मीदवार</u>

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री कवासी लखमा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के महेश कश्यप से होगा। गौरतलब है कि पार्टी ने मौजूदा सांसद दीपक बैज को टिकट न देकर कवासी लखमा पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने राज्य की ग्यारह लोकसभा सीटों में से सात सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं, सरगुजा, रायगढ़, बिलासपुर और कांकेर सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा होनी बाकी है।

<u>विषाक्त भोजन–मौत</u>

कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र में विषाक्त भोजन के सेवन से दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। वहीं, पांच अन्य लोगों का इलाज जारी है। इसमें दो मृतकों सहित तीन अन्य लोग एक ही परिवार के हैं। बताया जाता है कि गिदौरी गांव के पति–पत्नी और पांच बच्चों ने सुबह नाश्ता किया था, जिसके बाद तबीयत बिगड़ने पर सभी को संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया, जहां दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं, अन्य पांच का उपचार जारी है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न जागरूता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जांजगीर के स्वामी आत्मानन्द विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। युवा संवाद कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई।

वहीं, सक्ती जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कविता, भाषण, वाद–विवाद, साफ–सफाई, रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से मताधिकार के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इधर, राजनांदगांव जिले के जनपद पंचायत डोंगरगांव में स्वीप मतदाता जागरूकता और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ और स्वीप की नोडल अधिकारी सुरूचि सिंह की उपस्थिति में ‘‘होली के रंग मतदान के संग’’ नारे के साथ चुनावी फाग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीईओ ने तीन से नौ अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित स्वीप संगोष्ठी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने, लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताने और ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिए।

उधर, कोंडागांव जिले के कोंडानार कपड़ा फैक्ट्री में वीडियो फिल्म के माध्यम से मतदान के लिए फैक्ट्री में कार्यरत युवतियों और महिलाओं को जागरूक किया गया।

## साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा के लिए पंजीयन सत्ताईस मई तक किए जा सकते हैं। पंजीकरण के बाद स्कूल को यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। दूसरे चरण में यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर स्कूलों को परीक्षा में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्रों का विवरण अपलोड करना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्कूलों को पृष्ठ पर उपलब्ध सूची से अपने पसंद की तिथि और समय का चयन करके छात्रों का नामांकन करना होगा। प्रत्येक नामांकित छात्र को एक विशिष्ट यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसके आधार पर छात्र परीक्षा में उपस्थित होगा। यह परीक्षा इंटरनेट कनेक्शन के साथ कम्प्यूटर लैब वाले स्कूलों में ही आयोजित की जाएगी। साथ ही स्कूल ऐसे छात्रों को जिनके पास स्वयं का लैपटॉप या कम्प्यूटर हो उन्हें अपने घर से परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दे सकते हैं। इस परीक्षा में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा इकतीस मई तक आयोजित होगी।

गौरतलब है कि स्कूली बच्चों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र कक्षा छठवीं से बारहवीं के स्कूली बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करती है, ताकि छात्रों को बुनियादी वित्तीय साक्षरता कौशल के बारे में जागरूक किया जा सके। भाग लेने वाले छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर एक ई–प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे छात्र जो पचास प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें मेरिट और पचासी प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र दिया जाएगा। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दो स्तरों पर विजेताओं को ई–गिफ्ट कार्ड दिए जाएंगे।

विश्व टीबी दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। आज ही के दिन अट्ठारह सौ बयासी में डॉक्टर रॉबर्ट कोच ने क्षय रोग के जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की पहचान की थी। इसका उद्देश्य तपेदिक के बारे में लोगों को जागरूक करना और इसके फैलाव को रोकना है। क्षय रोग फेफड़ों को सर्वाधिक प्रभावित करता है और किडनी, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क पर भी असर डालता है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, कुपोषण और तंबाकू का उपयोग इस रोग के जोखिम को और बढ़ा देते हैं।

होलिका दहन

प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा। इसके पहले आज रात बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन किया जाएगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में होलिका दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार भी जागरूकता की वजह से कई जगहों पर लकड़ी के स्थान पर कण्डों की होली जलाने की तैयारी की गई है। प्रशासन ने होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार आज रात साढ़े बारह बजे तक करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रशासन ने होली के दौरान अस्त्र—शस्त्र के उपयोग और प्रदर्शन के साथ ही डीजे और मुखौटे पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं, तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, बस्तर की रियासतकालीन होलिका दहन परंपरानुसार बीती रात को सबसे पहले माड़पाल गांव में मनाई गई। इसके बाद जगदलपुर के मावली माता मंदिर के सामने परंपरानुसार जोड़ा होलिका दहन किया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रंगों के इस त्योहार को सावधानी और सुरक्षा के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नाना प्रकार के पकवानों के इस त्योहार के दौरान खान—पान में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। वहीं, आयुर्वेद चिकित्सकों ने बताया कि इस समय वातावरण में अनेक पराग कण मौजूद रहते हैं, जो एलर्जिक रोग पैदा करते हैं, इसलिए होलिका दहन में अगरू, आम, साल, नीम की सूखी टहनियों और गूगुल, कपूर जैसे आयुर्वेदिक जड़ी—बूटियों का उपयोग हवन के रूप में करना चाहिए, ताकि वातावरण संक्रमण रहित हो सके।

इस बीच, जांजगीर—चांपा जिले सहित प्रदेश के कई जिलों में होली के मद्देनजर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला।

होली—शुभकामना

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि होली का पर्व अधर्म, असत्य और अन्याय से लड़ने की प्रेरणा देता है। श्री साय ने कामना की, कि होलिका दहन के साथ ही प्रदेश की सारी समस्याएँ भस्म हों और छत्तीसगढ़ विकास, सामाजिक न्याय और समरसता के इंद्रधनुष रंगों से सराबोर हो।

इस बीच, मुख्यमंत्री आज जशपुर जिले के टिकैत गंज में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। वहीं, उन्होंने जशपुर में स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

संक्षिप्त समाचार

– प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि केंद्र मे कांग्रेस की सरकार बनने पर देश मे वंचित वर्गों को उनका अधिकार देने जाति गत जनगणना करवाई जाएगी।

– जांजगीर–चांपा जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की तीन मोटर साइकिलें जब्त की गई हैं।

– इसी जिले की बलौदा पुलिस ने डीजल लूट के मामले में एक खरीददार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो सौ लीटर डीजल और बाईस सौ रूपए नगद बरामद किया गया है।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की पेण्ड्रा पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से करीब एक लाख बहत्तर हजार रूपए कीमत का साढ़े इक्कीस किलो गांजा बरामद किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>